आवश्यक एवं महत्वपूर्ण

कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी बस्ती

पत्रांक :–4855/7–पंचायत/स्व0भा0मि0(ग्रा0)/2025–26 दिनांकः– 23 दिसम्वर,2025

1. समस्त खण्ड विकास अधिकारी
2. समस्त सहायक विकास अधिकारी (पं0)

जनपद बस्ती।

विषयः–ग्राम पंचायतों में निर्मित सामुदायिक शौचालय पर नियुक्त/कार्यरत केयर टेकरों और पंचायत सहायकों के मानदेय का नियमित भुगतान के सम्बन्ध में ।

अवगत कराना है कि विकास खण्डो से प्राप्त सूचना के आधार पर काफी अधिक संख्या में केयर टेकरो व पंचायत सहायको के मानदेय भुगतान नियमित न होना पाया गया। जवकि मानदेय भूगतान के संबंध मे पत्रांकः– 2576/7–पंचायत/स्व0भा0मि0(ग्रा0)/2025–26 दिनांकः– 12 अगस्त, 2025 द्वारा ग्राम पंचायतों में तैनात केयर–टेकरों और पंचायत सहायको का मानदेय उपस्थिति के सापेक्ष माह जुलाई 2025 तक शत्–प्रतिशत भुगतान कराते हुए दिनांक 18.08.2025 तक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन निर्मित सामुदायिक शौचालय के नियमित रुप से खुलने व बन्द होने और सामुदायिक शौचालय की क्रियाशीलता के साथ–साथ तैनात केयर टेकरो के मानदेय और ग्राम पंचायतो में तैनात पंचायत सहायको के मानदेय का नियमित भुगतान ग्राम पंचायतों द्वारा न किये जाने पर गहरा रोष व्यक्त किया है। मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है कि जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों में तैनात केयर टेकरों और पंचायत सहायको का मानदेय उपस्थिति के सापेक्ष माह नवम्बर 2025 तक शत्–प्रतिशत भुगतान कर सहायक विकास अधिकारी(पं0) व खण्ड विकास अधिकारी के संयुक्त हस्ताक्षर से प्रमाण पत्र प्राप्त कर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।

अतः उपरोक्त के क्रम में आप से अपेक्षा है जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों में तैनात कार्यरत केयर–टेकरों और पंचायत सहायको का मानदेय उपस्थिति के सापेक्ष माह नवम्बर 2025 तक शत्–प्रतिशत भुगतान कराते हुए दिनांकः–28–12–2025 तक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

भवदीय,

23/12/25

(घनश्याम सागर)

जिला पंचायत राज अधिकारी

बस्ती।

पत्रांक /तद्दिनांकित उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. उप निदेशक (पं0) बस्ती मण्डल बस्ती।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. जिलाधिकारी महोदया, बस्ती की सेवा में सादर अवलोनार्थ।
4. निदेशक, पंचायती राज, उ0प्र0, लखनऊ महोदय, की सेवा में सादर सूचनार्थ।

जिला पंचायत राज अधिकारी

बस्ती।

Scanned with CamScanner